स्तर 2 (सप्ताह 9)

गपशप/बातचीत करना

उद्देश : बच्चों की अभिव्यक्ति का विकास होना।

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- आपके परिवार के सदस्यों को आपके मन की बातें कह डालिए। अपने परिवार के साथ जी भरकर बातचीत किजिए। यह बातचीत आपकी-उनकी पसंद नापसंद पर हो सकती है, किसी काम के तरीके पर हो सकती हैं । किसी हाल की ही घटना पर हो सकती हैं। जैसे- कोरोना वायरस से सब इतना क्यों डर रहे हैं? कोरोना वायरस क्या कोई कीड़ा है? यह देखने में कैसा है? यह फैलता कैसे है? इसकी कोई दवाई नहीं है क्या? आदि। बातचीत किसी कहानी/कविता के पोस्टर, किताब पर या किसी सामान के पैकेट पर हो सकती है।

लय और तुकबंदी शब्द बनाना

उद्देश : भाषा में निहित शब्दों और ध्वनियों के साथ खेल का मजा लेते हुए लय और तुक वाले शब्द बनाना सिकना।

साहित्य : पेन और कॉपी

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- आपके परिवार के सदस्यों को दो ग्रुप में बांटे। दोनों ग्रुप को कोई भी एक तुक वाला शब्द दें, जैसे- कल। फिर दोनों ग्रुप को निर्धारित समय में अधिक से अधिक शब्द बनाने हैं। जो ग्रुप सबसे ज्यादा शब्द बनाएगा वह ग्रुप विजयी होगा। जैसे - कल, मल, पल, चल, छल आदि।